प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में वित्त पोषित प्राकृतिक खेती द्वारा खाद्य एव 'पोषण सुरक्षा' विषय पर 21–दिवसीय प्रशिक्षण

विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 'वित्त पोषित प्राकृतिक खेती द्वारा खाद्य एव 'पोषण सुरक्षा' विषय पर 21–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, इस पर गहन अध्ययन करने पर बल दिया तथा इसकें सभी पहलुओं पर एकीकृत शोध करने की आवश्यकता बताई। विभागाध्यक्ष एवं निदेशक काफ्ट डा. महेन्द्र सिंह पाल द्वारा विभाग की उलब्धियों एवं परीक्षण प्रारूप सम्बन्धी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रान्तों से 18 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 16 जनवरी से 5 फरवरी 2025 तक चलेगी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से तकनीकी ज्ञान के साथ–साथ प्रायोगिक ज्ञान को भी सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की समन्व्यक डा. ओमवती वर्मा द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत एवं डा. एस.पी. सिंह, प्राध्यापक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंचासीन अधिकारीगण।

निदेशक संचार